परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा करने में विलम्ब होना

1196. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिसम्बर, 1994 की स्थिति के अनुसार देश में निर्माणाधीन अनेक विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कार्य उनकी निर्धारित समय-सीमा से पीछे चल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि ऐसी अनेक परियोजनाओं की निर्माण लागत में उनकी मूल अनुमानित लागत की तुलना में 473 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है ;

(ग) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में तथ्य क्या है और ऐसी कितनी परियोजनाएं हैं जिनकी लागत में उनके निर्माण कार्य को पूरा करने में हुए विलम्ब के कारण उनकी मूल अनुमानित लागत की तुलना में वृद्धि हुई है ; और

(घ) पिछले दशक के दौरान कितनी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की गई परियोजनाओं का प्रतिशत कितना है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल) : (क) से (ग) दिसंबर, 1994 की स्थिति के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र की केन्द्रीय विद्युत परियोजनाओं में से कुछ विद्युत परियोजनाओं में अधिक समय और अधिक लागत लगी है । विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक समय लगने के कारणों में, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित कारण भी शामिल हैं, भूमि अधिग्रहण करना, पुनर्वास समस्याओं का होना, निधियों में कमी होना, ठेकेदारों द्वारा उपस्करों की आपूर्ति में विलम्ब होना, जल विद्युत परियोजनाओं के मामले में भौगोलिक घटनाओं का होना और कार्य क्षेत्र में परिवर्तन होना । लागत में अभिवृद्धि होने के कारणों में निवेश की लागत तथा, स्टील, पीओएल, उपस्कर और श्रम की लागत में अभिवृद्धि होना, विनिमय दर में परिवर्तन होना, करों और शुल्कों में अभिवृद्धि होना, निर्माण के दौरान ब्याज (आई डी सी) में वृद्धि होना, कार्य क्षेत्र में परिवर्तन होना और भूमि अधिग्रहण में विलम्ब होना शामिल हैं । कुछ चालू विद्युत परियोजनाओं द्वारा वहन की गई समय और लागत वृद्धि का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है ।

(घ) केन्द्रीय क्षेत्र की विद्युत परियोजनाएं, जिन्हें कार्यक्रम के अनुसार पूरा किया गया है, निम्नलिखित हैं :--

1. सिंगरौली एसटीपीपी
2. कोंडा एसटीपीपी
3. रामागुडम एसटीपीपी
4. अंता जीवीपीपी
5. औरैया जीवीपीपी
6. कवास जीवीपीपी

विवरण

(करोड़ रु० में)

क्र०	परियोजना का नाम	स्वीकृति प्राप्त होने की तिथि	वास्तविक लागत	संशोधित लागत/ लागत में अभिवृद्धि का %	परियोजना को चालू करने की तिथि	
					वास्तविक	संशोधित
1	2	3	4	5	6	7
1.	दोयांग ज०वि० परियोजना 3×25 मेवा, नागालैंड (नीपको)	मार्च, 1975	56.77	243.82 (अक्टू. 91) -(329%)	6/92	7/97

1	2	3	4	5	6	7
2.	रंगानदी ज०वि० परियोजना अरूणाचल प्रदेश 3%135 मे०वा० (नीपको)	अप्रैल, 1987	312.78	774.11 -(148%)	8/94	7/97
3	असम गैस आधारित विद्युत परियोजना, कैथलगुड़ी 291 मे०वा० (नीपको)	नवम्बर 1987	203.17	895.77 (मई, 92) -(341%)	3/92	3/96
4.	नाथपा झाकरी ज०वि०प० 1500 मे०वा० हि० प्रदेश एनजेपीसी	अप्रैल, 1989	1678.02	4337.95 (मार्च, 93) -(159%)	4/96	12/98
5.	मेजिया टीपीपी, डीवीसी 3×210 मे०वा०	मार्च, 1986	566.00	1861.44 (मार्च, 94) -(229%)	9/92	12/96
6.	पंचेत हाइडल यूनिट-2 40 मे०वा० डीवीसी	जनवरी 1978	16.02	76.04 दिसंबर 94) -(375%)	10/82	6/95
7.	बोकारो "बी" चरण-2 2×210 मे०वा०, डीवीसी	जुलाई, 1981	186.93	351.34 (मार्च, 92) -(88%)	10/85	8/93
8.	टनकपुर ज०वि० परियोजना 3×40 मे०वा० उ०प्र० (एनएचपीसी)	जून, 1984	185.85	397.03 (मार्च, 93) -(114%)	11/88	3/93
9.	चमेरा ज०वि० परियोजना चरण-1, 3×180 मे०वा० (एनएचपीसी) हि० प्रदेश	सितम्बर, 1983	809.29	2400.00 (सितंबर, 93) -(197%)	4/90	4/94
10.	सलाल ज०वि० परियोजना चरण-2, 3×115 मे०वा० जेके (एनएचपीसी)	मार्च, 1989	210.62	305.20 (अक्टू० 94) -(45%)	9/93	12/95
11.	उड़ी ज०वि० परियोजना 4×120 मे०वा० जेके (एनएचपीसी)	जून, 1989	1632.62	3043.46 (अक्टू० 93) -(86%)	11/95	5/97
12.	रंगीत ज०वि० परियोजना 3×20 मे०वा० सिक्किम (एनएचपीसी)	अप्रैल, 1990	163.49	287.31 (जनवरी, 94) -(76%)	9/95	3/97
13.	झनोर-गंधार गैस पावर प्रोजेक्ट, 657 मे०वा० गुजरात (एनटीपीसी)	मार्च, 1992	1656.30	2500.00 -(51%)	9/95	9/95

फरवरी, 1995 की स्थिति के अनुसार सूचना ।